# क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास (CBHRD) योजना

स्रोत: पी.आई.बी.

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने **पंद्रहवें वित्त आयोग** चक्र के तहत वर्ष **2021-2026 की अवधि** के लिये **क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास योजना को मंज़ूरी** दी है।

- **उद्देश्य: विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग, चिकित्सा और गणितीय विज्ञान (STEMM) विज्ञानों** में भारत की मानव संसाधन क्षमता को बढ़ाना और देश की **अनुसंधान एवं विकास (R&D) पारिस्थितिकी तंत्र** को सुदृढ़ करना।
- **क्रियान्वयन निकाय:** इस योजना का क्रियान्वयन **वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)** द्वारा किया जा रहा है, जो भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए सर्वोच्च निकाय है।
- **लक्षित संस्थान:** यह योजना देश भर की सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थाओं, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्त्व की संस्थाओं, उत्कृष्ट संस्थाओं और विश्वविद्यालयों को शामिल करेगी।
- **उप-योजना: CBHRD योजना** में चार उप-योजनाएँ शामिल हैं:
  - **डॉक्टरेट और पोस्टडॉक्टरल फेलोशिप**
  - **एक्स्ट्राम्यूरल रिसर्च स्कीम, एमेरेटस साइंटिस्ट स्कीम और भटनागर फेलोशिप कार्यक्रम**
  - **पुरस्कार योजना के माध्यम से उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और मान्यता प्रदान करना**
  - **यात्रा और संगोष्ठी अनुदान योजना के माध्यम से ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना।**
- **महत्त्व:** पिछले एक दशक में भारत के अनुसंधान एवं विकास ने निविश **वैश्विक नवाचार सूचकांक** में अपनी स्थिति में उल्लेखनीय उल्लेखनीय सुधार किया है, और वर्ष 2025 में यह 38वें स्थान पर पहुँच गया।
  - भारत अब वैज्ञानिक शोधपत्र प्रकाशनों के मामले में शीर्ष तीन देशों में शामिल है। इस प्रगति को **CSIR** द्वारा **CBHRD योजना** जैसी पहलों के माध्यम से समर्थित किया गया है, जो फेलोशिप और अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देती हैं।

**और पढ़ें:** वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/capacity-building-and-human-resource-development-cbhrd-scheme